भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1929

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम

1929. **श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षो के दौरान आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या वर्ष-वार कितनी है;

(ख) उक्त वर्षो के दौरान अनंतपुर में उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित डायलिसिस केंद्रों की कुल संख्या वर्ष-वार कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान अनंतपुर में उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई वर्ष-वार कुल धनराशि कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने योजना के लाभार्थियों के कल्याण के लिए अनंतपुर में डायलिसिस केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए कोई अध्ययन/अनुसंधान किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने अनंतपुर में उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत गुर्दे से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई प्रचार गतिविधि या अभियान चलाया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) के माध्यम से देश में गुर्दे की चिरकालिक (क्रॉनिक) रोग के रोगियों में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के सभी लाभार्थियों को निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य

मिशन (एनएचएम) के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पीएमएनडीपी के तहत हेमोडायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस सेवाओं के कार्यान्वयन में सहायता की जाती है।

आंध्र प्रदेश में, डायलिसिस सेवाएं पीपीपी मोड पर उपलब्ध हैं। पीएमएनडीपी को सभी 26 जिलों में 42 केंद्रों पर 555 कार्यशील हेमोडायलिसिस मशीनों के साथ लागू किया गया है। 30 जून 2024 तक की स्थितिनुसार, 2.2 लाख लाभार्थियों ने डायलिसिस सेवाओं का लाभ उठाया और 25.5 लाख हेमोडायलिसिस सत्र आयोजित किए गए हैं।

अनंतपुर जिले में 762 लाभार्थियों ने डायलिसिस सेवाओं का लाभ उठाया और दो केंद्रों में 1.3 लाख हेमोडायलिसिस सत्र आयोजित किए गए। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने सूचित किया है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान अनंतपुर जिले (मौजूदा दो केंद्रों में) में उपयोग की गई धनराशि निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	धनराशि उपयोग **(करोड़ रुपये में)**
2019-20	2.46
2020-21	2.51
2021-22	2.54
2022-23	2.86
2023-24	3.41
कुल	13.78

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, अंतराल का विश्लेषण किया गया और मरीजों के रोगभार, मौजूदा सेवा स्थलों के भौगोलिक वितरण के आधार पर अनंतपुर जिले में दो और डायलिसिस केंद्र स्थापित किए गए जिससे केंद्रों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

(ड.) भारत सरकार 2010 से प्रमुख एनसीडी (उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, स्ट्रोक, गुर्दे से संबंधित चिरकालिक (क्रॉनिक) रोग, सीओपीडी/अस्थमा, गैर-अल्कोहल फैटी लीवर रोग आदि) को रोकने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों (एनपी-एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम लागू कर रही है। कार्यक्रम का विशेष ज़ोर बुनियादी ढांचे को सुदृढ़

करने, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन, शीघ्र निदान, प्रबंधन और रेफरल पर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एनपी-एनसीडी घटक के तहत जिला स्तर पर 753 एनसीडी क्लीनिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर पर 6238 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। सभी स्तरों पर एनसीडी की रोकथाम और शीघ्र पहचान के लिए जागरूकता जिलों और सीएचसी स्तरों पर एनसीडी क्लीनिकों के माध्यम से की जाती है। जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं:

i. एनएचएम के तहत राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के अनुसार गैर-संचारी रोगों पर जागरूकता सृजन गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता देता है।

ii. सीकेडी सहित गैर-संचारी रोगों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस मनाए जाते हैं और इस उद्देश्य के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जाता है।

iii. राज्य हर साल मार्च के दूसरे सप्ताह में स्वस्थ्य गुर्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए 'विश्व किडनी दिवस' मनाता है।

*****